SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 15 मार्च 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 165

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीएमडब्ल्यू के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह महीने की बच्ची समेत तीन की मौत

» एक की हालत नाजुक

**मुंबई (आरएनएस)।** देश की औद्योगिक राजधानी मुंबई में एक बार फिर तेज रफ्तार ने तीन लोगों की जान ले ली. वर्ली में तेज रफ्तार से जा रही बीएमडब्लयू (BMW) कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई. इसकी चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में सवार चार लोगों को बाहर निकाला, जिसमें से तीन लोगों की मौत हो चुकी थी. कार एक महिला चला रही थी, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि मुंबई के वर्ली के मेला रेस्टोरेंट जंक्शन के पास एक हाईस्पीड बीएमडब्ल्यू कार डिवाइडर से टकरा गई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच में पाया कि कार में चार लोग सवार थे और कार एक महिला चला रही थी. पुलिस ने जब सभी घायलों को कार से बाहर निकाला तब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी थी. मृतकों में महिला की छह महीने की बच्ची, महिला की 70 साल की मां और 62 साल की एक रिश्तेदार शामिल है।

### बेंगलुरू में होने वाली आरएसएस की बैठक रद्द

» कोरोना का प्रकोप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में फैल रहे कोरोनावायरस को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार से बेंगलुरू में शुरू होने वाली तीन दिवसीय प्रतिनिधि सभा की बैठक रद्द कर दी है। इस बात की जानकारी खुद सह सर कार्यवाह भैया जी जोशी ने दी। भैया जी जोशी के मुताबिक अभी देशभर में कोरोना का प्रकोप है। प्रशासनिक अनुरोध के अनुसार अभी सभी को इसकी रोकथाम में लगना है, लिहाजा प्रतिनिधि सभा की बैठक फिलहाल रद्द की जाती है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से आह्वान किया है कि बीमारी की रोकथाम के लिए प्रशासन के साथ सहयोग करें और जागरूकता लाएं।

### दो अपचारियों को तीन वर्ष सुरक्षित गृह में रखने के आदेश

» पहलू खान हत्याकांड पर किशोर न्यायालय का फैसला

**अलवर (आरएनएस)।** राजस्थान में अलवर के बहुचर्चित गौ तस्कर पहलू खान हत्या के मामले में किशोर न्याय बोर्ड ने आज दो बाल अपचारिओं को तीन-तीन साल के लिए सुरक्षित गृह जयपुर में रखने के आदेश दिए। इसी मामले में एक अन्य अपचारी का मामला पोक्सो अदालत में विचाराधीन है। किशोर न्याय बोर्ड की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट सरिता धाकड़ ने मुख्य साक्ष्य वीडियो फुटेज देखने के बाद इनको भीड़ की हिंसा का दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई। इस मामले के अन्य आरोपियों को एक अदालत साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। मामले के अनुसार एक अप्रैल 2017 को बहरोड़ राजमार्ग पर पिकअप गाडि़यों में गौवंश ले जा रहे पहलू खां और उसके लडक़ों के साथ भीड़ ने मारपीट की थी। घटना के दो दिन बाद पहलू खां की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### एमईएस के पूर्व कर्मचारी के कई ठिकानों पर छापा

» आतंकी फंडिंग

**श्रीनगर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में कश्मीर के बारामुला जिले में कई ठिकानों पर छापेमारी की जिसमें एक आदमी को गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाट्टन में निल्लह पलपोरा को पूरी तरह से सील कर दिया गया और क्षेत्र में शनिवार सुबह से ही सुरक्षा बलों की तैनात की गयी थी। उन्होंने कहा, इसके बाद एनआईए की एक टीम ने सैन्य इंजीनियरिंग सेवा (एमईएस) के एक पूर्व कर्मचारी गुलाम मोहम्मद मीर के घर पर छापा मारा।

## पेट्रोल-डीजल की अचानक कीमत बढ़ने से बौखलाई कांग्रेस

» संसद के भीतर और बाहर सरकार को घेरने की तैयारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में तीन रुपये की बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह सरकार पर दबाव बनाएगी।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतों को कम करे और पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को फायदा देने की बजाय उत्पाद शुल्क तीन रुपये बढ़ा दिया। सरकार को इससे 40 हजार करोड़ रुपये का फायदा होगा। कच्चे तेल की कीमत कम होने से सरकार को पहले ही 3.4 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा नुकसान आम लोगों, किसानों और ट्रांसपोर्टर हो होगा। इससे महंगाई बढ़ेगी। माकन ने सवाल किया, श्सरकार कह रही है कि उपभोक्ता को अतिरिक्त पैसे नहीं देने पड़ेंगे, लेकिन हमारा कहना है कि जब कच्चे तेल की कीमत इतनी ज्यादा गिर गयी है तो उपभोक्ता को राहत क्यों नहीं मिल रही है? कांग्रेस नेता ने कहा कि पेट्रोल डीजल की कीमतों में कमी की जाए। इन उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाया जाए और उत्पाद शुल्क की दर को 2014 के स्तर पर लाया जाए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह सरकार पर दबाव बनाएगी। गौरतलब है कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर तीन रुपये प्रति लीटर की दर से उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में गिरावट से लाभ लेने के प्रयासों के तहत सरकार ने शनिवार को कदम उठाया है।

## मरने वालों के परिजनों को सरकार देगी चार लाख रुपये की मदद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एलान किया है कि कोरोनो वायरस के संक्रमण से मरने वालों के परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। अब तक कोरोना से ग्रसित एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 85 तक पहुंच गई है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार शनिवार को केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस को आपदा घोषित करने का निर्णय लिया है ताकि सभी राज्य सरकारें इस वायरस से लड़ने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष का इस्तेमाल कर सकें। मसलन गृह मंत्रालय के मुताबिक कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की मौत होने पर परिजनों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। गौरतलब है कि देश में अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 85 है, जिनमें 17 विदेशी नागरिक शामिल हैं। विदेशियों में इटली के 16 पर्यटक और कनाडा का एक नागरिक है। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोविड-19 को एक महामारी घोषित किया है।

भारत में दिल्ली और कर्नाटक में हुई एक-एक व्यक्ति की मौत के मामले भी शामिल हैं। सऊदी अरब से हाल में लौटे कलबुर्गी के 76 वर्षीय एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार को मौत हो गई थी, जबकि कोरोना वायरस से संक्रमित दिल्ली की 68 वर्षीय एक महिला की शुक्रवार की रात राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में हो गई थी।

## ट्रक-जीप की टक्कर में 11 की मौत

» एक बच्चाा भी शामिल



**जोधपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के जोधपुर में शनिवार को भीषण हादसा हो गया। खबरों के मुताबिक, इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है। हादसा जोधपुर जिले के शेरगढ़ थाना इलाके में मेगा हाई-वे पर सोईन्तरा गांव के निकट हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक और जीप के बीच जबरदस्त टक्कर हुआ। हादसे के दौरान ट्रक के उपर चढ़ गया। जिसमें 11 लोग की मौत हो गई। मरने वालों में 4 पुरुष 6 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं घायलों को स्थानीय अस्पताल भिजवाया गया है।

हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची शेरगढ़ पुलिस ने क्रेन की सहायता से दोनों वाहनों में फंसे मृतकों और घायलों को बाहर निकाला। घायलों को स्थानीय अस्पताल भेजा गया है। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे के शिकार हुए लोगों में एक नवविवाहित जोड़ा भी बताया जा रहा है। इससे पहले आठ मार्च को राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई थी और 32 लोग घायल हो गए।

जोधपुर-जयपुर राजमार्ग पर बिनवास गांव के पास एक ट्रक और बस में हुई भिड़ंत के बाद बस में सवार दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। जोधपुर पुलिस ने यह जानकारी दी। वहीं, अजमरे जिले में अजमेर-जयपुर हाईवे पर एक बस पलट गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई।

## कोरोना के चलते मेट्रो व स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) भी विशेष एहतियात बरत रही है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सभी मेट्रो ट्रेन से लेकर स्टेशनों की साफ-सफाई पर और अधिक ध्यान दिया जाने लगा है। डीएमआरसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया है कि ट्रेन के दरवाजे, टोकन वेंडिंग मशीन (टीवीएम), यात्री आपातकालीन अलार्म (पीईए), लिफ्ट, एस्केलेटर और रेलिंग जैसी जगहें, जहां यात्रियों के हाथ बार-बार जाते हैं, वहां की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रेस रिलीज में कहा गया है, दिल्ली मेट्रो के करीब 360 किलोमीटर की दूरी के साथ 264 स्टेशन है। डीएमआरसी सभी मेट्रो स्टेशन पर सफाई अभियान चला रही है, जिसके तहत 12 मेट्रो डिपो पर ट्रेनों की रोजाना अच्छी तरह से सफाई की जा रही है। ट्रेन में यात्रियों के चढ़ने से पहले और हर यात्रा के बाद ट्रेनों को साफ किया जाता है। इस तरह 24 घंटे हाउसकीपिंग टीमें स्टेशनों को साफ सुथरा रखती हैं। डीएमआरसी ने प्रेस रिलीज में कहा, कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रेलिंग, ट्रेन के दरवाजे, टोकन वेंडिंग मशीन, लिफ्ट और एस्केलेटर आदि जगहों की सफाई सुनिश्चित की जा रही है।

## कोरोना के चलते आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अब मास्क और हैंड सैनिटाइजर भी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विगत कुछ सप्ताहों के दौरान कोविड-19 (कोरोना वायरस) के मौजूदा प्रकोप और कोविड-19 प्रबंधन के लिए लॉजिस्टिक संबंधी चिंताओं के परिप्रेक्ष्य में तथा यह भी देखते हुए कि मास्क (2 प्लाई एवं 3 प्लाई सर्जिकल मास्क, एन95 मास्क) और हैंड सैनिटाइजर या तो बाजार में अधिकांश विक्रेताओं के पास उपलब्ध नहीं है अथवा बहुत अधिक कीमतों पर काफी मुश्किल से उपलब्ध हो रहे हैं।

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अनुसूची में संशोधन करते हुए, इन वस्तुओं को दिनांक 30 जून, 2020 तक आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत आवश्यक वस्तु के रूप में घोषित करने के लिए एक आदेश अधिसूचित किया है। सरकार ने विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत एक एडवाइजरी भी जारी की है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत, राज्य, विनिर्माताओं के साथ विचार-विमर्श करके उनसे इन वस्तुओं की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाने के लिए कह सकते हैं जबकि विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत राज्य इन दोनों वस्तुओं की अधिकतम खुदरा मूल्य (एम.आर.पी.) पर बिक्री सुनिश्चित कर सकते हैं।

इन दोनों वस्तुओं के संबंध में, राज्य अपने शासकीय राजपत्र में अब केंद्रीय आदेश को अधिसूचित कर सकते हैं और इसके लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपने स्वयं के आदेश भी जारी कर सकते हैं और संबंधित राज्यों में व्याप्त परिस्थितियों के अनुसार कार्रवाई कर सकते हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत, केंद्र सरकार की शक्तियां वर्ष 1972 से 1978 के आदेशों के माध्यम से राज्यों को पहले ही प्रत्यायोजित की जा चुकी हैं। अतः, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आवश्यक वस्तु अधिनियम और चोरबाजारी निवारण एवं आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई कर सकते हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत किसी उल्लंघनकर्ता को 7 वर्ष के कारावास अथवा जुर्माने दोनों से दंडित किया जा सकता है।

## संसद सत्र निर्धारित समय से पहले स्थगित होने के आसार

» सरकार ने अभी तक ऐसे प्रस्ताव पर नहीं किया विचार



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे के चलते कई सांसदों ने सरकार से संसद सत्र को समय से पहले खत्म करने की मांग जोर पकड़ रही है, जिसके खतरे को देखते हुए सार्वजनिक समारोह, स्कूल कालेजों में अवकाश को देखते हुए ऐसी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि संसद का बजट सत्र अपने तय समय से पहले स्थगित किया जा सकता है। हालांकि सरकार की और से आ रहे संकतों के अनुसार अभी तक ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया गया है।

केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर और कुछ अन्य सांसदों ने कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर संसद सत्र की अवधि छोटा करने की सलाह दी थी, तो वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने भी ऐसी ही मांग की थी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि सत्र तय समय तक चलाया जाएगा और फिलहाल सरकार के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव नही है। सरकारी सूत्रों की माने तो संसद में बजट पारित करवाने से जुड़ी प्रक्रिया चल रही है जिसके अगले हफ्ते पूरी होने की संभावना है। बजट पारित होने के बाद सरकार की प्राथमिकता कई अहम बिलों को पारित करवाने की है। सत्र जल्दी खत्म करने को लेकर सरकार ने अभी तक सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस से भी कोई बातचीत नहीं की है। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 2 मार्च से शुरू होने के बाद 3 अप्रैल तक चलने का समय निर्धारित हे।

## राणा कपूर और पत्नी बिंदु के खिलाफ भ्रष्टाचार का नया मामला दर्ज



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर और उनकी पत्नी बिंदु के खिलाफ एक रीयल्टी कंपनी से दिल्ली के पॉश इलाके में एक बंगले की खरीद के जरिए कथित रूप से 307 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का नया मामला दर्ज किया है. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि कपूर और उनकी पत्नी ने रीयल्टी कंपनी से बाजार मूल्य से आधे दाम पर बंगला हासिल किया. बदले में रीयल्टी कंपनी को 1,900 करोड़ रुपये का कर्ज उपलब्ध कराया गया। एजेंसी को संदेह है कि अमृता शेरगिल मार्ग पर राणा कपूर को 1.2 एकड़ का बंगला सस्ते मूल्य पर ब्लिस एबोड प्राइवेट लि. के जरिये रिश्वत के रूप में दिया गया. गौतम थापर प्रवर्तित अवांता रीयल्टी एंड ग्रुप कंपनी ने कपूर को यह रिश्वत यस बैंक से लिए गए 1,900 करोड़ रुपये के ऋण को वसूल नहीं करने के एवज में दी गई. कपूर की पत्नी ब्लिस एबोड प्राइवेट लि. के दो निदेशकों में से एक हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने थापर, राणा कपूर और उनकी पत्नी बिंदु के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार रोधक कानून के प्रावधानों के तहत कथित रूप से आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का नया मामला दर्ज किया है।

» पुलिस के हत्थे चढ़े पीएफआई के चार संदिग्धो

## जल्द खुलेगा शाहीन बाग प्रदर्शन की फंडिंग का रहस्य

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के हत्थे चढ़े पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के प्रदेश अध्यक्ष परवेज और सचिव इलियास से पूछताछ जारी है और उनके द्वारा जो भी लेन-देन किए गए हैं, उस पूरे मनी ट्रेल को पूरी बारीकी से खंगाला जा रहा है।

पुलिस को चार संगठन से जुड़े चार अन्य लोगों की भूमिका पर भी शक है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। स्पेशल सेल फिलहाल पीएफआई से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से संबंध रखने वाले इन चारों की जांच कर रही है। सीडीआर खंगाले जा रहे और शक के आधार पर पुलिस ने इन चारों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच आरंभ कर दी है। दरअसल पुलिस को शक है कि इन चारों की भूमिका खासतौर पर शाहीन बाग इलाके में चल रहे प्रदर्शन में फंडिंग करने को लेकर है।

**प्रदर्शन में फंडिंग की हो रही जांच**

दरअसल ईडी को यह पता चला है कि शाहीन बाग सहित सीएए के विरोध में दिल्ली के अन्य जगहों पर आयोजित किए गए प्रदर्शन पीएफआई की तरफ से फंडिंग की गई है। इसके मद्देनजर ईडी ने परवेज से पूछताछ की थी और तभी से पूरे मनी ट्रेल को खंगालने में भी जुटी हुई है।

**दानिश, परवेज, इलियास से पूछताछ में सुराग मिला**

पुलिस ने दानिश, परवेज व इलियास को कथित तौर पर सीएए के विरोध में लोगों को खड़ा करने और फंडिंग करने के आरोप गिरफ्तार किया है। पुलिस इन तीनों आरोपियों से इस मामले में सख्ती से पूछताछ कर रही है। इनसे पूछताछ के क्रम में पुलिस को कई जानकारियां मिली हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश के साथ जमकर पड़े ओले

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया है. राजधानी दिल्ली में शनिवार दोपहर तेज बारिश के साथ ओले गिरे. झमाझम बारिश के कारण यातायात काफी प्रभावित हुआ. घने बादलों के कारण विजिबिलिटी भी काफी कम हो गई। मौसम विभाग ने बताया कि सुबह से ही आसमान पर बादल छाए हुए थे और न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से एक डिग्री ज्यादा यानि 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। सुबह साढ़े आठ बजे हवा में नमी का स्तर 88 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## सरकार ने फैसला की नौ भाषाओं में वेबसाइट के नाम की बुकिंग

**इसमें हिंदी, कश्मीरी, कन्नड़, ओड़िया, सिंधी, असमिया, संथाली और मलयालम में वेबसाइट की बुकिंग होगी।**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने संस्कृत सहित नौ भारतीय भाषाओं (लिपियों) में वेबसाइट के नाम की बुकिंग शुरू करने का फैसला किया है। इसमें हिंदी, कश्मीरी, कन्नड़, ओड़िया, सिंधी, असमिया, संथाली और मलयालम में वेबसाइट की बुकिंग होगी। इसका मकसद दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इंटरनेट पहुंचाना है।

इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत स्वायत्त संस्थान नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) ने इसके लिए 16 मार्च से आवेदन मांगे हैं। वेबसाइट के नाम इन्हीं नौ भारतीय भाषाओं में होंगे। प्रमुख वेबसाइट को भी इन्हीं भाषाओं में लिखना होगा। हालांकि देवनागरी लिपि का इस्तेमाल करने वाली कुछ भाषाओं में यह सुविधा पहले से मौजूद है। नई वेबसाइट की बुकिंग 16 मार्च से 15 जून तक हो सकेगी। एनआईएक्सआई के अधिकारी ने कहा, ट्रेडमार्क या कॉपीराइट का उल्लंघन न होने पर ही डोमेन का आवंटन होगा। शुरू में डोमेन बुकिंग पांच साल के लिए होगी। डाटा इंजीनियस ग्लोबल के संस्थापक अजय डाटा ने कहा कि इस पहल से भारत वैश्विक डोमेन नाम के मामले में दुनिया में अग्रणी बनेगा। ईमेल एड्रेस भी देसी भाषाओं में बनाने को तैयार हैं। डाटामेल एप के जरिये लोग 22 भारतीय भाषाओं में ईमेल एड्रेस बना सकते हैं।